# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड़ विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड़–249 199

**Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay**

**Badshahithaul, Tehri Garhwal–249 199**

Tel. : 01376 – 254065 (O)
Fax : 01376 – 254065
Website: www.sdsuv.ac.in


पत्रांक 7407 /SDSUV / प्रशासन / 2022 दिनांकः–22 / 01 / 2022

## शासकीय (स्ववित्त पोषित) महाविद्यालयों हेतु बी0एड0 प्रवेश अधिसूचना सत्र 2021–23

विश्वविद्यालय के शासकीय महाविद्यालयों (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर, चमोली, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार, पौडी गढवाल एवं के0एल0डी0ए0वी0, पी0जी0 कॉलेज, रूडकी, हरिद्वार) के प्रथम वरियता सूची के बाद अवशेष सीटों तथा शासकीय (स्ववित्त पोषित) महाविद्यालयों (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर, चमोली–**50 सीट**, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार, पौडी गढवाल– **50 सीट**, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अगस्तमुनी, रुद्रप्रयाग – **50 सीट** , राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर, देहरादून– **50 सीट** , राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्तरकाशी – **50 सीट**, राजकीय महाविद्यालय, वेदीखाल, पौडी गढवाल– **50 सीट** , राजकीय महाविद्यालय, नैनीडाडा, पौडी गढवाल– **50 सीट** , राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल, पौडी गढवाल– **50 सीट** ) की कुल 400 सीटों में बी0एड0 सत्र 2021–23 में प्रवेश हेतु मैरिट के आधार पर प्रवेशार्थियों की औपबन्धिक सूची जारी की जा रही है।

1. **शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन – 24 तथा 25 जनवरी, 2022 (प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक)**

अ. (कला / वाणिज्य वर्ग हेतु)–

| CATEGORY | Cut of Marks |
|---|---|
| GENERAL | 255 |
| GENERAL FEMAL | 252 |
| GENERAL EX | 160 |
| GENERAL PH | 172 |
| SC | 234 |
| SC FEMALE | 223 |
| ST | 224 |
| OBC | 250 |
| OBC FEMALE | 249 |
| EWS | 215 |
| EWS FEMALE | 216 |

ब. (विज्ञान वर्ग हेतु)–

| CATEGORY | Cut of Marks |
|---|---|
| GENERAL | 291 |
| GENERAL FEMAL | 290 |
| SC | 261 |
| SC FEMALE | 260 |
| ST | 228 |
| OBC | 286 |
| OBC FEMALE | 280 |
| EWS | 282 |
| EWS FEMALE | 266 |

2. **सत्यापन के वाद वरियता सूची का प्रकाशन – दिनांक 27 जनवरी, 2022 (प्रातः 10:00 बजे )**
3. **प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि – दिनांक 28 जनवरी, 2022 एवं 29 जनवरी, 2022**

अतः उपरोक्त शासकीय (स्ववित्त पोषित) महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्तानुसार सम्बन्धित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु गठित प्रवेश समिति के समक्ष अभिलेखों के सत्यापन हेतु उपस्थित होकर प्रवेश समिति द्वारा पूर्णतः अर्ह पाये जाने पर ही आपका प्रवेश मान्य होगा। यदि कोई अभ्यर्थी उक्त तिथि तक प्रवेश नहीं लेता है तो उसका प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जायेगा और उस वर्ग के अन्तर्गत मैरिट के आधार पर अगली वरियता वाले अभ्यर्थी को अवसर दे दिया जायेगा।

### बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2021–23 में प्रवेश हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र :–

1. बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2021–23 का स्कोर कार्ड।
2. काउसलिंग हेतु आवेदन पत्र भरने की कापी या काउसलिंग हेतु आवेदन शुल्क रसीद।
3. समस्त शैक्षिक अंक पत्र एव प्रमाण पत्र।
4. प्रवजन प्रमाण पत्र।
5. राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत दो चरित्र प्रमाण पत्र।

*क्रमशः पेज नम्बर 02 पर..........................*

6. मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण–पत्र।
7. कहीं किसी प्रकार की सेवा में (अंशकालिक या पूर्णकालिक) सेवारत हों तो अपने विभाग के सक्षम अधिकारी से कार्यभार मुक्ति प्रमाण–पत्र।
8. अन्तिम संस्था से इस आशय का प्रमाण पत्र कि अभ्यर्थी वर्तमान में कहीं भी अध्ययनरत नहीं है।
9. बाह्य राज्य के अभ्यर्थियों हेतु स्थानीय पुलिस द्वारा सत्यापन की प्रति।
10. अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति, अन्य पिछडी जाति, स्वंय भूतपूर्व सैनिक, स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियों के आश्रित एवं विकलांग अभ्यर्थी जो उक्त श्रेणियों के अन्तर्गत आते हैं, हेतु जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी/सैनिक कल्याण बोर्ड/मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही स्वीकार होंगे।
11. अधिभार अंक (Watitage) प्राप्ति हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।
12. आधार कार्ड की मूल प्रति।

अतः आप उपरोक्त औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरान्त **दिनाक 29 जनवरी, 2022** तक आवंटित महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश लें लेंवे। अधिभार (weightage) सम्बन्धी अंकों के प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की दशा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात् आपका प्रवेश स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा, जिसके लिए आप स्वंय उत्तरदायी होंगे।

**नोट :– प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना आवश्यक होगा तथा साथ ही सभी शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित फोटो कॉपी साथ लायें। किसी भी प्रवेशार्थी का अभिलेख गलत एवं अधूरा/अस्पष्ट पाया जाता है तथा जो प्रवेशार्थी अधिभार (weightage) सम्बन्धी अंकों की पुष्टि में निर्धारित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करेगा तो ऐसे अभ्यर्थी के अधिभार (weightage) सम्बन्धी अंकों को काटकर वरियता के अनुसार प्रवेश दे दिया जाय।**

प्रो0 (डॉ0) मोहन सिंह पंवार,
कुलसचिव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या उपरोक्त समस्त शासकीय महाविद्यालय/शासकीय (स्ववित्त पोषित बी0एड0) महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय में अभ्यार्थियों के दावों के सत्यापन हेतु प्रवेश समिति गठन कर काउन्सलिंग हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2021 की मेरिट के साथ–साथ NCTE द्वारा निदेर्शित मानदंडो/नियमों के आधार पर उपरोक्तानुसार वरियता के अनुसार अभ्यर्थियों को अपने महाविद्यालयों में प्रवेश देना सुनिश्चित करें, तथा **दिनांक 29 जनवरी, 2022** को रिक्त सीटों की सूचना विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. वित अधिकारी/परीक्षा नियन्त्रक।
4. उपकुलसचिव/ सहायक कुलसचिव/ सहायक परीक्षा नियत्रक मुख्य/व्या0पा0
5. श्री कुलदीप नेगी, कुलपति सचिवालय, उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. कार्यालय प्रति।

22.01.2022

प्रो0 (डॉ0) मोहन सिंह पंवार,
कुलसचिव।